**SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिये जगह**

**उत्तर पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और द्वितीय प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर पत्रक के दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं द्वितीय प्रति को अलग नहीं करें । वीक्षक द्वारा उत्तर पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, द्वितीय प्रति को मूल प्रति से कट लाईन से मोड कर सावधानी पूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौपेंगे । परीक्षार्थी द्वितीय प्रति को अपने साथ ले जायेंगे।**



परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए । / Do not open this test booklet until you are asked to do so.

# श्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

Date - 25.03.2018

Time - 3PM To 5PM

**57**

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Number: 57004729

| | |
|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet | **32** |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet | **100** |
| समय / Time | **2.00** घंटे / Hours |
| पूर्णांक / Maximum Marks | **100** |

## INSTRUCTIONS

1. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. Candidate will themself be responsible for filling wrong Roll No.
2. At the start of the examination before attempting the question paper kindly check your test booklet and OMR Answer Sheet and ensure that :
   * The serial numbers of test booklet and OMR answer sheet are same.
   * All pages of test booklet and OMR answer sheet are properly printed. All questions from S.No. **1** to last S.No. **100** are printed and pages from S.No. 1 to last S. No. **32** are there in the question booklet.

   In case of any discrepancy / defect the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet and OMR answer sheet. No claim / objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination. Candidate will be liable for it.
3. Answer all questions.
4. All questions carry equal marks.
5. Only one answer is to be given for each question.
6. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
7. Each question has four alternative responses marked serially as **(A), (B), (C), (D)**. You have to darken only one circle **or** bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
8. Use of Mobile Phone/Bluetooth Devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material found with any candidate, strict action will be taken against him/her as per rule.
9. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under Section 3 of the **State Prevention of Unfair means Act, 1992** and Board Regulations. Board may also debar him/her permanently from all future examination of the Board.

## निर्देश

1. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक की भली-भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित करलें कि:
   * प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक के क्रमांक एक समान हैं।
   * प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न-पत्र में प्रश्न सं 1 से अन्तिम क्रमांक **100** तक सभी प्रश्न क्रमवा मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार **1** से **32** तक मौजूद हैं।

   किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जावेगा।
7. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः **(A), (B), (C), (D)** अंकित किया गया हैं। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
8. मोबाईल फोन / ब्लूटूथ डिवाइस अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जि यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई सामग्री मिलती है तो उसके विरूद्ध बो नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी
9. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण मान्य होगा।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरूद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और **राज्य अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 1992** की धारा 3 एवं बोर्ड रेग्यूलेशन के तहत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही बोर्ड ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली बोर्ड की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

1 Which of the following is not situated in the Chittorgarh fort ?

(A) Vijay Stambh (B) Kirti Stambh

(C) Kumbha Mahal (D) Moti Mahal

निम्नलिखित में से कौन–सा चित्तौडगढ़ दुर्ग में स्थित नहीं है ?

(A) विजय स्तंभ (B) किर्ती स्तंभ

(C) कुंभा महल (D) मोती महल

2 Which was the capital of the Chauhans of Ajmer before the foundation of Ajmer city ?

(A) Sambhar (B) Nadole

(C) Jalore (D) Ranthambhor

अजमेर नगर की स्थापना के पहले अजमेर के चौहानों की राजधानी कौन–सी थी ?

(A) सांभर (B) नाड़ोल

(C) जालोर (D) रणथम्भोर

3 Which of the following festival does not fall in the month of Shravan ?

(A) Nag Panchami (B) Teej

(C) Raksha Bandhan (D) Janmashtmi

निम्न में से कौन–सा त्यौहार श्रावण के महीने में नहीं आता है ?

(A) नाग पंचमी (B) तीज

(C) रक्षा बन्धन (D) जन्माष्टमी

4 Who was the Maharaja of Jodhpur during the revolt of 1857 ?

(A) Maharaja Jaswant Singh (B) Maharaja Abhay Singh

(C) Maharaja Takht Singh (D) Maharaja Anoop Singh

1857 की क्रान्ति के समय जोधपुर के महाराजा कौन थे ?

(A) महाराजा जसवन्त सिंह (B) महाराजा अभय सिंह

(C) महाराजा तख्त सिंह (D) महाराजा अनूप सिंह



5 Which historical monument of Rajasthan is included in the world heritage list of UNESCO ?

(A) Fort of Taragarh (B) Jantar Mantar Observatory

(C) Havelis of Amber (D) Hawa Mahal

राजस्थान के किस ऐतिहासिक स्मारक को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज सूची में शामिल किया गया है ?

(A) तारागढ़ का किला (B) जंतर मंतर वेधशाला

(C) आमेर की हवेलियाँ (D) हवा महल

6 'Languriya' is associated with which one of the following fairs of Rajasthan ?

(A) Pushkar fair (B) Dussherra fair

(C) Bharthari fair (D) Kailadevi fair

'लांगुरिया' राजस्थान के किस मेले से संबंधित है ?

(A) पुष्कर मेला (B) दशहरा मेला

(C) भर्तृहरि मेला (D) कैलादेवी मेला

7 Which district of Rajasthan is famous for 'Phad' painting ?

(A) Bhilwara (B) Jaipur

(C) Kota (D) Pratapgarh

राजस्थान का कौन–सा जिला 'फड चित्रांकन' के लिए प्रसिद्ध है ?

(A) भीलवाड़ा (B) जयपुर

(C) कोटा (D) प्रतापगढ़

8 Delwara group of temples contain _______ temples.

(A) Four (B) Five

(C) Six (D) Seven

देलवाड़ा मन्दिरों के समूह में _______ मन्दिर हैं ।

(A) चार (B) पाँच

(C) छः (D) सात

9 The chief architect and town planner of Jaipur city at the time of its foundation was :

(A) Mandan Mishra (B) Vidyadhar Bhattacharya

(C) Rajvallabh (D) Dipak

जयपुर नगर की स्थापना के समय वहाँ का प्रमुख वास्तुकार एवं नगर नियोजक कौन था ?

(A) मण्डन मिश्र (B) विद्याधर भट्टाचार्य

(C) राजवल्लभ (D) दीपक

10 Ganeshwar is located in which district of Rajasthan ?

(A) Churu (B) Hanumangarh

(C) Sikar (D) Jhunjhunu

गणेश्वर राजस्थान के किस जिले में स्थित है ?

(A) चूरू (B) हनुमानगढ़

(C) सीकर (D) झुंझुनू

11 Which one of the following is known as 'Kabir of Rajasthan' ?

(A) Dadu Dayal (B) Pabuji

(C) Gogaji (D) Ramdevji

निम्नलिखित में से किसे 'राजस्थान के कबीर' के नाम से जाना जाता है ?

(A) दादू दयाल (B) पाबूजी

(C) गोगाजी (D) रामदेवजी

12 Who was sent by Akbar for the first time to conciliate Pratap ?

(A) Man Singh (B) Bhagwan Das

(C) Jalal Khan (D) Todarmal

अकबर ने प्रताप को समझाने के लिए सर्वप्रथम किसे भेजा ?

(A) मान सिंह (B) भगवान दास

(C) जलाल खान (D) टोडरमल



13 From which copper plate inscription of Rajasthan is the evidence of Jauhar by Rani Karmawati found ?

(A) Ahar copper plate inscription (B) Kheroda copper plate inscription

(C) Pur copper plate inscription (D) Chikli copper plate inscription

राजस्थान के कौन से ताम्रपत्र से रानी कर्मवती द्वारा जौहर के प्रमाण मिलते हैं ?

(A) आहड ताम्रपत्र (B) खेरोदा ताम्रपत्र

(C) पुर ताम्रपत्र (D) चीकली ताम्रपत्र

14 Who was the composer of 'Rajvinod' ?

(A) Narottam (B) Sadashiv Bhatt

(C) Shyamal Das (D) Kishordas

"राजविनोद" का रचयिता कौन था ?

(A) नरौत्तम (B) सदाशिव भट्ट

(C) श्यामल दास (D) किशोरदास

15 The Bhil movement under the leadership of Govind Giri is known by which name ?

(A) Eki Movement (B) Shuddhi Movement

(C) Bhagat Movement (D) Janjati Movement

गोविन्द गिरि के नेतृत्व में हुये भील आन्दोलन को किस नाम से जाना जाता है ?

(A) एकी आन्दोलन (B) शुद्धि आन्दोलन

(C) भगत आन्दोलन (D) जनजाति आन्दोलन

16 Under whose presidentship was the first annual session of Jaipur Rajya Prajamandal held in 1938 ?

(A) Heeralal Shastri (B) Ghanshyamdas Birla

(C) Jamnalal Bajaj (D) Kapoor Chand Patni

1938 में जयपुर राज्य प्रजामण्डल का प्रथम वार्षिक अधिवेशन किसकी अध्यक्षता में आयोजित हुआ ?

(A) हीरालाल शास्त्री (B) घनश्यामदास बिड़ला

(C) जमनालाल बजाज (D) कपूर चन्द पाटनी

17 The Government of India handed over the administration of Sirohi on 5th January, 1949 to the ________ Government.

(A) Madhya Pradesh (B) Bombay

(C) Gujarat (D) Rajasthan

भारत सरकार ने 5 जनवरी, 1949 को सिरोही का प्रशासन ________ सरकार को सौंपा ।

(A) मध्य प्रदेश (B) बम्बई

(C) गुजरात (D) राजस्थान

18 Who is known as 'Wagar ka Gandhi' ?

(A) Maniklal Varma (B) Shobhalal Gupt

(C) Bhogilal Pandya (D) Bhurelal Vaya

'वागड़ के गांधी' के रूप में किसे जाना जाता है ?

(A) मानिकलाल वर्मा (B) शोभालाल गुप्त

(C) भोगीलाल पाण्ड्या (D) भूरेलाल वया

19 Freedom fighter and politician Nagendrabala belongs to which city ?

(A) Jaipur (B) Kota

(C) Bikaner (D) Jodhpur

स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनीतिज्ञ नगेन्द्रबाला किस शहर से सम्बंधित हैं ?

(A) जयपुर (B) कोटा

(C) बीकानेर (D) जोधपुर

20 The 'Champakali' ornament is worn on which part of the body ?

(A) Head (B) Forehead

(C) Nose (D) Neck

'चम्पाकली' आभूषण शरीर के किस अंग पर पहना जाता है ?

(A) सिर (B) माथा

(C) नाक (D) गर्दन



21 Bassi Wildlife Sanctuary is situated in which of the following district of Rajasthan ?

(A) Tonk (B) Jaipur

(C) Chittorgarh (D) Jalore

बस्सी वन्यजीव अभयारण्य राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है ?

(A) टोंक (B) जयपुर

(C) चित्तौड़गढ़ (D) जालौर

22 In which district does wildlife sanctuary of Ramgarh Vishdhari situated ?

(A) Udaipur (B) Kota

(C) Bundi (D) Sirohi

रामगढ़ विषधारी वन्यजीव अभयारण्य कौन–से जिले में स्थित है ?

(A) उदयपुर (B) कोटा

(C) बूंदी (D) सिरोही

23 How much percentage of forest should be in Aravalli hills according to forest policy of India ?

भारतीय वन नीति के अनुसार अरावली पहाड़ियों में कितनी प्रतिशत वनाच्छादित होनी चाहिए ?

(A) 33% (B) 20%

(C) 65% (D) 50%

24 Which of the following is favourite habitat of Kair and Thor ?

(A) Hilly and Rainy region (B) Sandy plains region

(C) Aquatic region (D) Glacial region

निम्नलिखित में से कौन–सा केर व थोर का पसंदिदा प्राकृतिक निवास क्षेत्र है ?

(A) पर्वतीय व वर्षा क्षेत्र (B) रेतीले मैदान

(C) जलीय (D) जमाव क्षेत्र

25 Which of the following type of soils is also known as Lithosols ?

(A) Alluvial soils (B) Desert soils

(C) Hill soils (D) Red soils

निम्नलिखित में से किस प्रकार की मृदाएँ लिथोसोल्स भी कहलाती हैं ?

(A) दोमट मृदाएँ (B) मरुस्थलीय मृदाएँ

(C) पर्वतीय मृदाएँ (D) लाल मृदाएँ

26 Which of the following represents Bshw type of climate ?

(A) Jalor (B) Ganganagar

(C) Bikaner (D) Dungarpur

निम्नलिखित में से कौन–सा Bshw प्रकार की जलवायु दर्शाता है ?

(A) जालौर (B) गंगानगर

(C) बीकानेर (D) डूंगरपुर

27 The three rivers-Jakham, Mahi and Eru represents which of the following district of Rajasthan ?

(A) Udaipur (B) Tonk

(C) Pratapgarh (D) Karauli

जाखम, माही तथा एरू तीनों नदियाँ राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले का निरूपण करती हैं ?

(A) उदयपुर (B) टोंक

(C) प्रतापगढ़ (D) करौली

28 As per Thorntwaite's classification which of the following represents climate of Banswara and Dungarpur ?

थोर्नट्वेट वर्गीकरण के अनुसार निम्नलिखित में से कौन–सा बाँसवाड़ा व डूंगरपुर की जलवायु को दर्शाता है ?

(A) EA'd (B) CA'w

(C) DB'W (D) DA'w



29 Which river of Rajasthan is also known as Masurdi river ?

(A) Kalni (B) Kantli

(C) Mendha (D) Jakham

राजस्थान की किस नदी को मसूरदी नदी भी कहा जाता है ?

(A) कालनी (B) काँतली

(C) मेन्धा (D) जाखम

30 Which of the following district of Rajasthan is having no river ?

(A) Ajmer (B) Churu

(C) Ganganagar (D) Jhunjhunu

राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में नदी नहीं है ?

(A) अजमेर (B) चूरु

(C) गंगानगर (D) झुन्झुनु

31 'Chhappan Basin' is a part of which of the following pair of districts of Rajasthan ?

(A) Barmer, Jaisalmer, Bikaner

(B) Ajmer, Pali, Sirohi

(C) Banswara, Chittorgarh, Pratapgarh

(D) Jhalawar, Bundi, Kota

'छप्पन बेसिन' निम्नलिखित में से राजस्थान के किस भौतिक प्रदेश का भाग है ?

(A) बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर

(B) अजमेर, पाली, सिरोही

(C) बाँसवाड़ा, चित्तौड़गढ, प्रतापगढ

(D) झालावाड़, बूंदी, कोटा

32 Which district is not included in 'Bairath' ?

(A) Alwar (B) Jaipur

(C) Ajmer (D) Tonk

बैराठ में कौन–सा जिला सम्मिलित नहीं है ?

(A) अलवर (B) जयपुर

(C) अजमेर (D) टोंक

33 Rajasthan shares _________ kms of land boundary with Pakistan.

राजस्थान की _________ किमी. सीमा पाकिस्तान से लगती है ।

(A) 970
(B) 1042
(C) 1120
(D) 1070

34 Which of the following district was not selected for IWRM in Rajasthan ?

(A) Pali
(B) Sikar
(C) Churu
(D) Jaipur

राजस्थान का कौन–सा जिला IWRM के लिए चयनित नहीं था ?

(A) पाली
(B) सीकर
(C) चूरु
(D) जयपुर

35 Which irrigation project is constructed for Bundi Tehsil ?

(A) Bisalpur project
(B) Jakham project
(C) Jawai project
(D) Gudha project

बूंदी तहसील के लिए कौन–सी सिंचाई परियोजना निर्मित की गई है ?

(A) बीसलपुर परियोजना
(B) जाखम परियोजना
(C) जवाई परियोजना
(D) गुढा परियोजना

36 Which dam is constructed on the downstream of the Chulia falls in Rajasthan ?

(A) Jawahar Sagar Dam
(B) Gandhi Sagar Dam
(C) Rana Pratap Sagar Dam
(D) Nangal Dam

चूलिया जल प्रपात के नीचे की ओर राजस्थान में कौन–सा बांध बना है ?

(A) जवाहर सागर बाँध
(B) गांधी सागर बांध
(C) राणा प्रताप सागर बांध
(D) नांगल बाँध



37 Kankrej is a breed of _________.

(A) Camel
(B) Goat
(C) Buffalo
(D) Cow

'काँकरेज' _________ की एक नस्ल है ।

(A) ऊँट
(B) बकरी
(C) भैंस
(D) गाय

38 Which is the largest agro-climatic region in Rajasthan ?

राजस्थान में कौन–सा कृषि जलवायु प्रदेश सबसे बड़ा है ?

(A) I-A
(B) III-A
(C) IV-A
(D) V

39 Which of the following pH range of soil is indicator of alkali soil ?

(A) 2.3 to 3.6
(B) 7
(C) 4.2 to 4.8
(D) Above 8

निम्नलिखित में से कौन–सी pH परास क्षारीय मृदा की सूचक है ?

(A) 2.3 से 3.6
(B) 7
(C) 4.2 से 4.8
(D) 8 से ऊपर

40 Which of the following date is celebrated as World Environmental Day ?

(A) $5^{th}$ July
(B) $11^{th}$ June
(C) $5^{th}$ June
(D) $11^{th}$ July

निम्नलिखित में से कौन–सी तारीख को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है ?

(A) 5 जुलाई
(B) 11 जून
(C) 5 जून
(D) 11 जुलाई



EduBull.com

41 ____________ is the process of arranging facts in groups or classes according to their resemblances and affinities and gives expression to the unity attributes that they may subsist among a diversity of individuals.

(A) Tabulation (B) Classification

(C) Collection of data (D) Statistical Investigation

____________ तथ्यों को उनकी समानता तथा सादृश्यता के अनुसार, समूहों या वर्गों में क्रमानुसार करने की क्रिया है और इससे व्यक्तिगत इकाइयों की विविधता में पाई जाने वाली गुणों की एकता व्यक्त हो जाती है।

(A) सारणीयन (B) वर्गीकरण

(C) समंकों का संग्रहण (D) सांख्यिकीय अनुसन्धान

42 Measures of dispersion are also known as ____________.

(A) Averages of first order (B) Averages of second order

(C) Averages of third order (D) Averages of fourth order

अपकिरण के मापों को __________ भी कहते हैं।

(A) प्रथम क्रम के औसत (B) द्वितीय क्रम के औसत

(C) तृतीय क्रम के औसत (D) चतुर्थ क्रम के औसत

43 The quickest method of collecting primary data is -

(A) Personal interview (B) Telephone interview

(C) Indirect interview (D) By observation

प्राथमिक समंकों के संग्रहण की त्वरित विधि है -

(A) व्यक्तिगत साक्षात्कार (B) दूरभाष से साक्षात्कार

(C) परोक्ष साक्षात्कार (D) अवलोकन के द्वारा



44 In January, 2017 the rainfall at Indore city was 2" for 10 days, 3" for 8 days, 4" for 5 days and 5" rainfall in rest of the days of month. Calculate average rainfall during the month of January, 2017 in Indore city.

जनवरी, 2017 के माह में इन्दौर शहर में 10 दिन 2", 8 दिन 3", 5 दिन 4" तथा महिने के शेष दिनों में 5" वर्षा हुई। इन्दौर शहर में जनवरी, 2017 के माह की औसत वर्षा ज्ञात कीजिए।

(A) 8.30" (B) 2.60"

(C) 4.90" (D) 3.35"

45 For a moderately skewed distribution the relationship between mean($\bar{X}$) median(M) and mode(Z) can be expressed as follows :

थोड़े से असममित बंटन के लिए माध्य($\bar{X}$) मध्यका($M$) और बहुलक(Z) के मध्य संबंध को निम्न प्रकार से दर्शाया जा सकता है :

(A) $\bar{X}-Z=3(\bar{X}-M)$ (B) $M-Z=3(\bar{X}-M)$

(C) $\bar{X}-M=3(\bar{X}-Z)$ (D) $\bar{X}-M=3(M-Z)$

46 From the following information, calculate coefficient of variance :

निम्न सूचना से विचरण गुणांक (C.V.) ज्ञात कीजिए :

S. D. = 3.5, N = 10, $\sum X=145$

(A) 24.14 (B) 35.00

(C) 14.50 (D) 2.41

47 Which of the following statements is incorrect ?

(A) First moment about actual mean is zero.

(B) Second moment about actual mean is variance.

(C) In a symmetric distribution all odd moments about actual mean are zero.

(D) Fourth moment about actual mean is a measure of dispersion.

निम्न में से कौनसा कथन गलत है ?

(A) वास्तविक माध्य से प्रथम परिघात शून्य होता है ।

(B) वास्तविक माध्य से द्वितीय परिघात प्रसरण होता है ।

(C) एक सममित बंटन में वास्तविक माध्य से सभी विषम परिघात शून्य होते हैं ।

(D) वास्तविक माध्य से चतुर्थ परिघात अपकिरण का माप होता है ।

48 If the value of correlation coefficient (r) is equal to 0.60, then the value of coefficient of non-determination will be -

यदि सहसंबंध गुणांक का मान (r) 0.60 हो तो अनिश्चय गुणांक का मान होगा -

(A) 0.40 (B) 0.36

(C) 0.64 (D) 0.16

49 If values of regression coefficients are : $b_{xy} = -0.9$ and $b_{xy} = -0.4$, then the value of correlation coefficient $(r)$ will be -

यदि प्रतीपगमन गुणांकों के मान $b_{xy} = -0.9$ तथा $b_{xy} = -0.4$ हो तो सहसंबंध गुणांक $(r)$ का मान होगा-

(A) 0.36 (B) 0.60

(C) –0.60 (D) –0.36

50 If the value of correlation coefficient is more than ________ and less than ________ then, it is called moderate degree of correlation.

यदि सह–सम्बन्ध गुणांक का मान, ________ से अधिक और ________ से कम हो तो उसे मध्यम स्तरीय सह–सम्बन्ध कहते हैं।

(A) 0.50, 0.75 (B) 0.75, 0.90

(C) 0.25, 0.75 (D) 0.25, 0.50



51 If vlaues of two variables change in the same proportion in same direction then correlation coefficient is said to be = ________.

(A) Perfect Positive (B) Perfect Negative

(C) Low (D) Zero

यदि दो चरों के मूल्यों में समान अनुपात में एक ही दिशा में परिवर्तन हो तो सहसम्बन्ध ________ कहलाता है।

(A) पूर्ण धनात्मक (B) पूर्ण ऋणात्मक

(C) निम्न (D) शून्य

52 From the following data, calculate Karl Pearson's coefficient of correlation between $X$ and $Y$ series :

| | **Series $X$** | **Series $Y$** |
|---|---|---|
| No. of pairs of observations | 15 | 15 |
| Arithmetic mean | 25 | 18 |
| Standard deviation | 3 | 3.03 |

Sum of products of deviations of X and Y series = 122 from their actual means

(A) + 0.79 (B) + 0.99

(C) + 0.69 (D) + 0.89

अग्रांकित समंकों से $X$ और $Y$ समंक श्रेणियों के बीच कार्ल पियर्सन सह–सम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए।

| | **शृंखला $X$** | **शृंखला $Y$** |
|---|---|---|
| अवलोकनों के युग्मो की सं. | 15 | 15 |
| समान्तर माध्य | 25 | 18 |
| प्रमाप विचलन | 3 | 3.03 |

$X$ व $Y$ शृंखला के वास्तविक माध्यों से लिए गए विचलनों के गुणनफलों का योग = 122

(A) + 0.79 (B) + 0.99

(C) + 0.69 (D) + 0.89



EduEBull.com

53 Estimate the yield when rainfall is 9 inches from the following data :

| | Mean | S.D. |
|---|---|---|
| Yield of wheat (kg. per hectare) | 10 | 8 |
| Annual Rainfall (inches) | 8 | 2 |

r = 0.50

(A) 18 kgs (B) 12 kgs
(C) 9 kgs (D) 6 kgs

निम्नलिखित समंकों से उपज का अनुमान ज्ञात कीजिए यदि वर्षा की मात्रा 9 इंच हो :

| | समान्तर माध्य | प्रमाप विचलन |
|---|---|---|
| गेहूँ का उपज (किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर) | 10 | 8 |
| वार्षिक वर्षा (इंच) | 8 | 2 |

r = 0.50

(A) 18 किलोग्राम (B) 12 किलोग्राम
(C) 9 किलोग्राम (D) 6 किलोग्राम

54 Which of the following is a probability sampling method ?

(A) Multistage random sampling (B) Convenience sampling
(C) Snowball sampling (D) Judgement sampling

निम्न में से कौनसा प्रायिकता प्रतिचयन विधि है?

(A) बहुस्तरीय दैव प्रतिचयन (B) सुविधाजनक प्रतिचयन
(C) स्नोबॉल सैम्पलिंग (D) विवेकपूर्ण प्रतिचयन

55 _________ is the form of sampling each unit in universe has an equal chance of being chosen.

(A) Purposive sampling (B) Quota sampling
(C) Simple Random sampling (D) Extensive sampling

_______ प्रतिचयन की वह रीति है जिसमें समग्र की प्रत्येक इकाई को चयन का समान अवसर प्राप्त हो।

(A) सविचार निदर्शन (B) अभ्यंश निदर्शन
(C) सरल दैव निदर्शन (D) विस्तृत निदर्शन



56 In _________ , all the items in the universe are arranged in alphabetical, geographical, serial or any other order and units located at equal intervals are selected in pre-determined quantity.

(A) Stratified sampling (B) Systematic random sampling
(C) Multi-stage sampling (D) Area sampling

_________ में समग्र के सभी मदों को वर्णात्मक, भौगोलिक, क्रमवार या अन्य किसी आधार पर क्रमबद्ध करके उनमें से पूर्व निर्धारित मात्रा की इकाइयाँ को समान दूरी से न्यादर्श में चुना जाता है।

(A) स्तरित निदर्शन (B) व्यवस्थित दैव निदर्शन
(C) बहुस्तरीय निदर्शन (D) क्षेत्रफल निदर्शन

57 A parameter shows characteristic of -

(A) Population (B) Sample
(C) Both (A) and (B) (D) Neither (A) nor (B)

प्राचल विशेषता दर्शाता है -

(A) समग्र का (B) प्रतिदर्श का
(C) (A) और (B) दोनों का (D) न (A) का न ही (B) का

58 List of all the units of the population is called -

(A) Random sample (B) Bias
(C) Sampling frame (D) Cluster sample

समग्र की सभी इकाइयों की सूची _________ कहलाती है।

(A) यादृच्छिक प्रतिदर्श (B) अभिनति
(C) प्रतिचयन ढाँचा (D) क्लस्टर प्रतिचयन



EduBull.com

59 If from a population with 25 members, a random sample without replacement of 2 members is taken, the number of all such sample is -

यदि 25 इकाइयों के समग्र में से 2 इकाइयों का चुनाव बिना प्रतिस्थापन के यादृच्छिक प्रतिचयन से किया जाय तो ऐसे प्रतिदर्श की कुल संख्या होगी –

(A) 625 (B) 300

(C) 50 (D) 27

60 Changes caused due to flood, war, drought etc. are an example of –

(A) Random fluctuations (B) Cyclical fluctuations

(C) Seasonal fluctuations (D) Long term trend

बाढ़, युद्ध, अकाल आदि के कारण परिवर्तन आना उदाहरण है

(A) दैव उच्चावचन (B) चक्रीय उच्चावचन

(C) मौसमी उच्चावचन (D) सुदीर्घकालीन उपनति

61 The occurrence of prosperity, recession and depression in an economy is an example of –

(A) Secular trend (B) Cyclical fluctuation

(C) Seasonal variation (D) Irregular fluctuation

किसी अर्थव्यवस्था में समृद्धि, प्रतिसार और अवसाद का उत्पन्न होना उदाहरण है –

(A) सुदीर्घकालीन उपनति का (B) चक्रिय उच्चावचन का

(C) मौसमी उच्चावचन का (D) अनियमित उच्चावचन का



62 The concept of __________ does not include short term oscillations but rather steady movements over a long time.

(A) Secular trend (B) Short time fluctuations

(C) Cyclical fluctuations (D) Seasonal variations

__________ के विचार के अन्तर्गत अल्पकालीन परिवर्तन सम्मिलित नहीं होते हैं बल्कि दीर्घकाल में हुए नियमित परिवर्तन सम्मिलित होते हैं ।

(A) सुदीर्घकालीन उपनति (B) अल्पकालीन परिवर्तन

(C) चक्रीय उच्चावचन (D) मौसमी विचरण

63 The method of moving average is used to find

(A) Secular trend (B) Seasonal variation

(C) Cyclical fluctuation (D) Irregular variation

चल माध्य की विधि का प्रयोग __________ को ज्ञात करने के लिए किया जाता है ।

(A) सुदीर्घकालीन उपनति (B) मौसमी उच्चावचन

(C) चक्रीय उच्चावचन (D) अनियमित उच्चावचन

64 In semi-average method of Time Series Analysis, data is divided into ______

(A) three equal parts (B) two equal parts

(C) two unequal parts (D) three unequal parts

काल श्रेणी विश्लेषण में अर्द्ध–माध्य विधि के अंतर्गत समंकों को __________ में विभाजित किया जाता है ।

(A) तीन बराबर हिस्सों (B) दो बराबर हिस्सों

(C) दो असमान हिस्सों (D) तीन असमान हिस्सों

65 If a straight line is fitted to the time series then

(A) $\sum y = \sum \hat{y}$ (B) $\sum y > \sum \hat{y}$

(C) $\sum y < \sum \hat{y}$ (D) $\sum (y - \hat{y}) = 0$

यदि काल श्रेणी की सरल रेखा आसंजित की जाय तो

(A) $\sum y = \sum \hat{y}$ होगा (B) $\sum y > \sum \hat{y}$ होगा

(C) $\sum y < \sum \hat{y}$ होगा (D) $\sum (y - \hat{y}) = 0$ होगा

66 From the following data, prepare an index number for 2018 taking 2017 as base :

| Commodities | Price in 2017 | Price in 2018 |
|---|---|---|
| A | 40 | 60 |
| B | 110 | 100 |
| C | 150 | 200 |

(A) 110 (B) 115

(C) 120 (D) 125

निम्नलिखित समंकों से 2017 को आधार मान कर 2018 के लिए सूचकांक तैयार कीजिए :

| वस्तु | 2017 में मूल्य | 2018 में मूल्य |
|---|---|---|
| A | 40 | 60 |
| B | 110 | 100 |
| C | 150 | 200 |

(A) 110 (B) 115

(C) 120 (D) 125

67 In 2015, the monthly salary of an employee was ₹ 8,000 per month. The consumer price index number was 160 in 2015, which increased to 200 in 2019. If he has to be fully compensated for price rise, how much additional dearness allowance must be paid to him in 2019 ?

(A) ₹ 1,750 (B) ₹ 1,850

(C) ₹ 2,000 (D) ₹ 1,250

2015 में किसी कर्मचारी का मासिक वेतन 8,000 रुपये प्रतिमाह था । 2015 में उपभोक्ता कीमत सूचकांक 160 था, जो 2019 में बढकर 200 हो गया । यदि उसे कीमत में वृद्धि के लिए पूर्णतः क्षतिपूर्ति दी जाय तो 2019 में उसे कितना अतिरिक्त महंगाई भत्ता दिया जाना चाहिए ।

(A) 1,750 रु. (B) 1,850 रु.

(C) 2,000 रु. (D) 1,250 रु.



68 Index of base year is always taken as –

(A) 100 (B) 200

(C) Zero (D) One

आधार वर्ष के सूचकांक को हमेशा __________ लिया जाता है ।

(A) 100 (B) 200

(C) शून्य (D) एक

69 Under __________ method the exactly precedent year is considered as the base year for calculating the index number of the current year.

(A) Fixed Base (B) Link Relative

(C) Base Conversion (D) Chain Base

__________ रीति में प्रचलित वर्ष के सूचकांक ज्ञात करने में ठीक पिछला वर्ष आधार वर्ष माना जाता है।

(A) स्थिर आधार (B) श्रृंखला अनुपात

(C) आधार परिवर्तन (D) श्रृंखला आधार

70 The ratio of current year price to the base year price is called.

(A) Price absolute (B) Price relative

(C) Price increase (D) Price decrease

वर्तमान वर्ष की कीमत और आधार वर्ष की कीमत के अनुपात को कहते हैं :–

(A) कीमत निरपेक्ष (B) कीमत अनुपात

(C) कीमत वृद्धि (D) कीमत कमी



EduBull.com

71 If prices of all commodities during current year have increased to 1.25 times in comparison to the base year, the index number of prices during current year will be-

यदि आधार वर्ष की तुलना में वर्तमान वर्ष में सभी वस्तुओं की कीमतें 1.25 गुणा बढ़ गई हो तो वर्तमान वर्ष में कीमत सूचकांक होगा –

(A) 125 (B) 225

(C) 150 (D) 2.25

72 Vital index is -

(A) Crude birth rate – crude death rate

(B) Number of births – No. of deaths

(C) $\frac{\text{Number of births}}{\text{No. of deaths}} \times 100$

(D) Crude birth rate + Crude death rate

जन्म-मृत्यु सूचकांक होता है –

(A) अशोधित जन्म दर – अशोधित मृत्यु दर

(B) जन्म संख्या – मृतकों की संख्या

(C) $\frac{\text{जन्म संख्या}}{\text{मृतकों की संख्या}} \times 100$

(D) अशोधित जन्म दर + अशोधित मृत्यु दर

73 The __________ is the average numbers of daughters a women would have if she survived all of her childbearing years, subject to the age-specific fertility rate.

(A) Birth rate (B) Crude rate

(C) Gross reproduction rate (D) Net reproduction rate

__________, वर्तमान आयु-विशिष्ट प्रजनन दर पर अपना प्रजनन जीवन पूरा करने वाली महिलाओं से पैदा होने वाली बेटियों की औसत संख्या होती है ।

(A) जन्म दर (B) अशोधित दर

(C) सकल प्रजनन दर (D) शुद्ध प्रजनन दर



74 __________ means the number of deaths per one thousand population.

(A) Crude death rate (B) Standard death rate

(C) Weighted death rate (D) Simple death rate

__________ का अभिप्राय किसी शहर या स्थान पर प्रति हजार व्यक्तियों के पीछे मरने वालों की संख्या है ।

(A) अशोधित मृत्यु दर (B) प्रमाणित मृत्यु दर

(C) भारित मृत्यु दर (D) सरल मृत्यु दर

75 Which of the following statement is correct ?

(A) Number of deaths per 100 population is called crude death rate.

(B) Number of deaths under age of one month per 1000 live births is called infant mortality rate.

(C) Number of deaths under one year of age per 1000 live births is called neonatal mortality rate.

(D) Number of deaths of female due to complications from pregnancy or child birth per 1,00,000 live births is called maternal mortality rate.

निम्न में से कौन–सा कथन सही है ?

(A) प्रति 100 जनसंख्या पर मृतकों की संख्या को अशोधित मृत्यु दर कहते हैं ।

(B) प्रति 1000 जीवित जन्मित शिशुओं पर एक माह से कम आयु वाले शिशुओं की मृत्यु संख्या को शिशु मृत्यु दर कहते हैं ।

(C) प्रति 1000 जीवित जन्मित शिशुओं पर एक वर्ष से कम आयु वाले शिशुओं की मृत्यु संख्या को नव जन्म मरण दर कहते हैं ।

(D) प्रति 1,00,000 जीवित जन्मित शिशुओं पर गर्भधारण व प्रसव के कारण हुई जटिलताओं से मरने वाली स्त्रियों की संख्या को मातृत्व मरण दर कहते हैं ।

76 __________ is responsible for conduct of large scale sample surveys in diverse fields on all India basis.

(A) National Research Office (B) National Statistics Office

(C) National Publication Office (D) National Sample Survey Office

__________ अखिल भारतीय आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नमूना सर्वेक्षण के संचालन के लिए जिम्मेदार है ।

(A) राष्ट्रीय अनुसंधान कार्यालय (B) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय

(C) राष्ट्रीय प्रकाशन कार्यालय (D) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय

EduBull.com

77 Who is director of Directorate of Economics and Statistics, Rajasthan ?

(A) Ashok Gehlot (B) Om Prakash Bairwa

(C) Shanti Dhariwal (D) Roop Rai Bhardwaj

आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय, राजस्थान के निदेशक कौन हैं ।

(A) अशोक गहलोत (B) ओम प्रकाश बैरवा

(C) शांति धारीवाल (D) रूप राय भारद्वाज

78 __________ division of Central Statistics Office is responsible for the preparation of national accounts, which includes Gross Domestic Product, government and private final consumption expenditure, fixed capital formation and other macro-economic aggregates.

(A) Social Accounts (B) Economic Accounts

(C) National Accounts (D) Statistical Accounts

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय का __________ प्रभाग राष्ट्रीय लेखों के निर्माण के लिए उत्तरदायी है, जिसमें सकल घरेलु उत्पाद, सरकारी और निजी अंतिम उपभोग व्यय, निश्चित पूँजी निर्माण और अन्य समष्टि आर्थिक समग्र शामिल हैं ।

(A) सामाजिक लेखा (B) आर्थिक लेखा

(C) राष्ट्रीय लेखा (D) सांख्यिकी लेखा

79 In which year did the Ministry of Statistics and Programme Implementation come into existence as an independent ministry ?

किस वर्ष में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय का उद्‌भव एक स्वतंत्र मंत्रालय के रूप में हुआ ?

(A) 1999 (B) 1998

(C) 2000 (D) 2001

80 National Institution for Transforming India (NITI Ayog) was formed on _________.

(A) February 1, 2015 (B) December 1, 2014

(C) January 1, 2015 (D) November 1, 2014

राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति आयोग) का गठन_________ को हुआ ।

(A) फरवरी 1, 2015 (B) दिसंबर 1, 2014

(C) जनवरी 1, 2015 (D) नवम्बर 1, 2014



81 _________ is the present Registrar General of India (RGI).

(A) Sailesh (B) Vivek Joshi

(C) Ashok Mitra (D) R. A. Gopalaswami

_________ वर्तमान में भारत के रजिस्ट्रार जनरल हैं ।

(A) शैलेष (B) विवेक जोशी

(C) अशोक मित्रा (D) आर. ए. गोपालास्वामी

82 Which of the following statements is incorrect about System of National Accounts (SNA) ?

(A) The origin of SNA trace back to Richard Stone Committee on National Income Statistics of the League of Nations.

(B) The first version of SNA was published in 1953 by the United Nations Statistical Commission.

(C) The latest version of SNA was released in 2013.

(D) India adopted the latest version of SNA in 2015 in estimation of national income.

राष्ट्रीय लेखों की प्रणाली के बारे में निम्न में से कौन–सा कथन सही नहीं है ?

(A) राष्ट्रीय लेखा प्रणाली का उद्‌भव राष्ट्रसंघ की राष्ट्रीय आय सांख्यिकी पर रिचर्ड स्टोन की समिति में देखा जा सकता है ।

(B) राष्ट्रीय लेखा प्रणाली का प्रथम प्रारुप 1953 में संयुक्त राष्ट्र संघ सांख्यिकी कमीशन के द्वारा प्रकाशित किया गया ।

(C) राष्ट्रीय लेखा प्रणाली का नवीनतम प्रारूप 2013 में जारी किया गया ।

(D) भारत ने 2015 में राष्ट्रीय आय की गणना में राष्ट्रीय लेखा प्रणाली के नवीनतम प्रारूप को अपना लिया।

83 Calculate Price elasticity of demand

माँग की कीमत लोच की गणना करें ।

$P_1 = 10$ $Q_1 = 1000$

$P_2 = 8$ $Q_2 = 1500$

(A) – 1.8 (B) – 3.0

(C) – 2.5 (D) – 2.0

84 Who used the term "Financial Inclusion" in Indian context for the first time ?

(A) D. Subbarao in November 2009

(B) Y. V. Reddy in April 2005

(C) Vimal Jalan in October 2000

(D) Manmohan Singh in January 1984

भारत के संदर्भ में 'वित्तीय समावेश' पद का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया ?

(A) नवंबर 2009 में डी. सुब्बाराव ने

(B) अप्रैल 2005 में वाई. वी. रेड्डी ने

(C) अक्टूबर 2000 में विमल जालान ने

(D) जनवरी 1984 में मनमोहन सिंह ने

85 Which of the following statements is incorrect about Indian Financial System Code (IFSC) ?

(A) It contains 12 alpha numeric digits

(B) Its first 4 alpha characters represent bank

(C) Its last 6 numeric characters represent branch

(D) Its 5$^{th}$ character is zero, reserved for future use.

भारतीय वित्तीय प्रणाली कोड (IFSC) के बारे में निम्न में से कौन–सा कथन गलत है ?

(A) इसमें 12 अक्षरांकीय संकेतक है ।

(B) इसके प्रथम 4 अक्षर संकेतक बैंक को दर्शाते हैं ।

(C) इसके अंतिम 6 अंकीय संकेतक बैंक की शाखा को दर्शाते हैं ।

(D) इसका 5 वां संकेतक शून्य है, जो भविष्य में उपयोग के लिए सुरक्षित रखा गया है ।

86 Who is the architect of Indian Planning ?

(A) P. C. Mahalanobis (B) Mahatma Gandhi

(C) M. Visvesvaraya (D) K. Kamraj

भारत नियोजन के निर्माता कौन हैं ?

(A) पी. सी. महलनोबिस (B) महात्मा गांधी

(C) एम. विश्वैश्वैया (D) के. कामराज



87 When a given percentage change in price causes a smaller percentage change in quantity supplied in that situation supply becomes ________.

(A) Unit elastic (B) Elastic

(C) Inelastic (D) Perfectly elastic

जब किसी वस्तु की पूर्ति में आनुपातिक परिवर्तन उस वस्तु की कीमत में आनुपातिक परिवर्तन से कम होता है तो ऐसी दशा में पूर्ति ________ हो जाती है ।

(A) इकाई लोचदार (B) लोचदार

(C) बेलोच (D) पूर्ण लोचदार

88 The act of selling the same article, produced under a single control at different prices to different buyers is knows as ________.

(A) Price discrimination (B) Price dumping

(C) Price determination (D) Price evaluation

एक ही नियन्त्रण के अन्तर्गत उत्पादित एकसमान वस्तु को विभिन्न क्रेताओं को विभिन्न कीमतों पर बेचने की क्रिया ________ कही जाती है ।

(A) कीमत विभेद (B) कीमत राशिपातन

(C) कीमत निर्धारण (D) कीमत मूल्यांकन

89 ________ is a market in which there are many firms selling identical products with no firm large enough, relative to the entire market to be able to influence market price.

(A) Monopoly (B) Monopolistic competition

(C) Oligopoly (D) Perfect competition

________ वह बाजार स्थिति है जिसमें बहुत सी फर्मे एकसमान वस्तुएँ बेचती हैं और इनमें से कोई भी फर्म बाजार की तुलना में इतनी बड़ी नहीं होती कि वह बाजार कीमत को प्रभावित कर सके ।

(A) एकाधिकार (B) एकाधिकृत प्रतियोगिता

(C) अल्पाधिकार (D) पूर्ण प्रतियोगिता



EduBull.com

90 Who said, "Inflation is unjust but deflation is inexpedient of the two, deflation is worse."

(A) G. Gurley (B) J. M. Keynes

(C) Amartya Sen (D) J. N. Bhagwati

यह किसने कहा था – मुद्रास्फीति अन्यायपूर्ण है किंतु मुद्रासंकुचन अनुपयुक्त है । दोनों में मुद्रासंकुचन अधिक खराब है ?

(A) जी. गुर्ले (B) जे. एम. कीन्स

(C) अमर्त्य सेन (D) जे. एन. भगवती

91 First economist to emphasize the importance of three methods of estimating national income (product method, income method and expenditure method) is -

(A) J. R. Hicks (B) Simon Kuznets

(C) Joseph Schumpeter (D) Wesley C. Mitchell

राष्ट्रीय आय के मापने में तीन विधियों (उत्पाद विधि, आय विधि तथा व्यय विधि) के महत्व पर जोर देने वाले पहले अर्थशास्त्री है –

(A) जे. आर. हिक्स (B) साइमन कूजनेट्स

(C) जोसेफ शुम्पीटर (D) वेस्ली सी. मिचेल

92 The contribution of animal husbandry in Gross State Domestic Product of Rajasthan is -

राजस्थान के सकल राज्य घरेलु उत्पाद में पशुपालन का योगदान है –

(A) 16% (B) 12%

(C) 8% (D) 4%



93 The district of Rajasthan having the highest Human Development Index (2007) is :

(A) Alwar (B) Bikaner

(C) Jaipur (D) Sriganganagar

राजस्थान का जिला जिसका मानव विकास सूचकांक (2007) उच्चतम है वह है :

(A) अलवर (B) बीकानेर

(C) जयपुर (D) श्रीगंगानगर

94 In which district of Rajasthan rural female literacy rate was highest according to 2011 census ?

(A) Ajmer (B) Jaipur

(C) Kota (D) Jhunjhunu

2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के किस जिले में ग्रामीण महिला साक्षरता दर सर्वाधिक थी ?

(A) अजमेर (B) जयपुर

(C) कोटा (D) झुंझुनू

95 As per Tendulkar estimates percentage of population, below poverty line in Rajasthan in 2011-12 was -

तेंदुलकर के अनुमानों के अनुसार 2011-12 में राजस्थान में गरीबी से नीचे जनसंख्या का प्रतिशत था –

(A) 22.1 (B) 8.3

(C) 16.1 (D) 4.3

96 The estimated fiscal deficit for 2018-19 of Rajasthan as percentage of gross state domestic product is :

राजस्थान का 2018-19 के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में आकलित राजकोषीय घाटा है :

(A) 2.98 (B) 2.95

(C) 2.78 (D) 2.88



EduBull.com

97 When was Rajasthan State Industrial Development and Investment Corporation (RIICO) established ?

राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम (RIICO) की स्थापना कब हुई ?

(A) 1990 (B) 1985

(C) 1980 (D) 1975

98 The year of launching the Rajasthan Investment Promotion Scheme is :

राजस्थान विनियोग प्रोत्साहन स्कीम शुरू करने का वर्ष है :

(A) 2013 (B) 2012

(C) 2014 (D) 2015

99 The present base year of State net domestic product in Rajasthan is :

राजस्थान में राज्य शुद्ध घरेलू उत्पाद का वर्तमान में आधार वर्ष है :

(A) 2011-12 (B) 2012-13

(C) 2010-11 (D) 2013-14

100 Which of the power station of Rajasthan has the highest installed capacity ?

(A) Suratgarh Thermal Power Station

(B) Kota Super Thermal Power Station

(C) Chhabra Thermal Power Station

(D) Kalisindh Thermal Power Station

निम्न में से राजस्थान के किस पावर स्टेशन की अधिस्थापित क्षमता सर्वाधिक है ?

(A) सूरतगढ़ थर्मल पावर स्टेशन

(B) कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन

(C) छबड़ा थर्मल पावर स्टेशन

(D) कालीसिंध थर्मल पावर स्टेशन



SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिये जगह



EduBull.com